तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	

न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर
अपील संख्या– 74/2019 अंतर्गत धारा–76 एल.आर.एक्ट
(GCMS No.- 2019/00212)

अनवानः
गुरचरण सिंह पुत्र स्व. त्रिलोक सिंह जाति रायसिख निवासी ग्राम सादकवाला तहसील सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर वगैरह।

बनाम

मलकीत सिंह, जगजीत सिंह पुत्रगण स्व ज्ञानसिंह रायसिख निवासी ग्राम कुंआडेरी तहसील पातड़ा जिला पटियाला, पंजाब वगैरह।

7.11.2022 आज यह पत्रावली श्री गुरचरण सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह जरिये मुख्त्यारनामा खास मार्फत अभिभाषक अपीलांट श्री करण सिंह तंवर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर पेशी में ली गई। अभिभाषक अपीलांट उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट ने हमारे समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि अपीलांट्स ने रेस्पोडेन्ट्स के साथ लोक अदालत की भावना से राजीनामा कर लिया है। अपीलांट अब अपील आगे नहीं चलाना चाहते हैं एवं अपील विड्रा करना चाहते है।

हमने अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन किया। यह अपील अतिरिक्त जिला कलक्टर सूरतगढ़ के आदेश दिनांक 13.11.2019 के विरूद्ध इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते एवं विड्रा करना चाहते है। अभिभाषक रेस्पोडेन्ट सं. 8 श्री विजय कुमार पारीक ने उपस्थित होकर अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर अपनी अनापति अंकित की। अतः यह अपील अपीलांट जरिये विड्रावल (withdrawal) इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश सुनाया गया। अधिनस्थ न्यायालय का रिकार्ड मय आदेश की प्रमाणित प्रति प्रेषित हो। अपील नंबर से कम होकर पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो।

Identified by
Noor

(डॉ. नीरज के. पवन)
संभागीय आयुक्त,
बीकानेर